RPSC स्कूल व्याख्याता (संस्कृत शिक्षा) पेपर II इतिहास 2024

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

उस सुल्तान का नाम बताइए जिसने तुर्कान-ए-चिहलगानी का गठन किया?

(A) बलबन
(B) इल्तुतमिश ✓
(C) रजिया
(D) अलाउद्दीन खिलजी

Q.2

निम्नांकित में से किनके मध्य बेसीन की संधि हुई ?

(A) अंग्रेज और सिन्धिया
(B) अंग्रेज और होल्कर
(C) अंग्रेज और पेशवा ✓
(D) अंग्रेज और भोंसले

Q.3

किस संधि के माध्यम से फ्रांसीसियों के द्वारा मद्रास अंग्रेजों को पुनः दिया गया था ?

(A) ऐक्स-ला-चैपल, 1749 ✓
(B) पांडिचेरी, 1754
(C) सालबाई, 1782
(D) मंगलौर, 1794

Q.4

रैयतवाड़ी भूमि बन्दोबस्त का प्रवर्तक कौन था?

(A) जेम्स मिल
(B) एरिक स्टोक्स
(C) सर जॉन मैलकम
(D) थॉमस मुनरो ✓

Q.5

निम्नलिखित में से कौन 1946 के कैबिनेट मिशन का सदस्य नहीं था ?

(A) लॉर्ड पैथिक लॉरेंस
(B) सर स्टेफोर्ड क्रिप्स
(C) मि. अलेक्जेंडर
(D) सर जॉन साइमन ✓

Q.6

कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

यूनानी देवता

(A) जियस - आकाश का देवता
(B) ओसीदर्न - समुद्र का देवता
(C) एथेना - विजय की देवी
(D) अपोलो - पहाड़ों का देवता ✓

Q.7

परास्त होने के पश्चात् सेल्यूकस ने कौन सा क्षेत्र चंद्रगुप्त मौर्य को नहीं सौंपा था ?

(A) अराकोशिया
(B) एरिया
(C) बैक्ट्रिया ✓
(D) गेड्रोशिया

Q.8

मुगल काल में सुगंधित तेल के केंद्र थे

i. आगरा
ii. जौनपुर
iii. गाजीपुर
iv. बीदर

सही उत्तर चुनिए :

(A) i, ii और iv
(B) i और ii
(C) i, ii और iii ✓
(D) ii और iv

Q.9

1905 में नये गठित प्रांत पूर्वी बंगाल और असम का प्रथम लेफ्टिनेंट गवर्नर कौन था ?

(A) सर जॉन वुडबर्न
(B) सर एडवर्ड नॉर्मन बेकर
(C) सर एंड्रयू हैंडर्सन फ्रेजर
(D) सर जोसेफ बैम्पफील्ड फुलर ✓

Q.10

1908 के समाचार-पत्र अधिनियम की कठोर धाराओं के कारण किन भारतीय समाचार-पत्रों ने अपना प्रकाशन बंद कर दिया था ?

i. युगान्तर
ii. संध्या
iii. बंदेमातरम्

सही उत्तर चुनिए :

(A) i और ii
(B) ii और iii
(C) i, ii और iii
(D) i और iii

Q.11

प्रारंभिक पुनर्जागरण काल में निम्नलिखित में से कौन प्रायोगिक विज्ञान का प्रमुख समर्थक था ?

(A) थॉमस एक्विनास
(B) रोजर बेकन ✓
(C) पेट्रार्क
(D) गिल्बर्ट

Q.12

फ्रांसीसी क्रांति की निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार कीजिए :
(i) नेशनल असेंबली के गठन की घोषणा
(ii) नेशनल कन्वेंशन की स्थापना
(iii) आतंक का राज
(iv) डायरेक्टरी का शासन
सही कूट का चयन कीजिए :

(A) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓
(B) (ii), (i), (iii) और (iv)
(C) (iii), (i), (ii) और (iv)
(D) (ii), (i), (iv) और (iii)

Q.13

किस समझौते/संधि ने प्रशा को कील बंदरगाह पर किलेबंदी करने का अधिकार दिया ?

(A) प्लोम्बियर्स का समझौता
(B) प्राग की संधि
(C) गेस्टाइन का समझौता ✓
(D) विलाफ्रेंका की विराम-संधि

Q.14

असहयोग आंदोलन के दौरान खोले गए राष्ट्रीय कॉलेज जामिया मिलिया के प्रथम प्राचार्य कौन थे-

(A) जाकिर हुसैन
(B) डॉ. अंसारी
(C) शौकत अली
(D) मुहम्मद अली ✓

Q.15

निम्नलिखित में से कौनसा भवन फतेहपुर सीकरी में नहीं है?

(A) तुर्की सुल्ताना की कोठी
(B) जोधाबाई का महल
(C) सलीम चिश्ती का मकबरा
(D) जहांगीरी महल ✓

Q.16

आधुनिक मानव के जीवाश्म के साक्ष्य कहाँ मिले हैं ?

(A) मेहरगढ़ - पाकिस्तान
(B) जेरिको - जॉर्डन
(C) ओमो किबिश - इथोपिया ✓
(D) आल्टा मीरा - फ्रांस

Q.17

ऋग्वेद की नदीस्तुति में निम्नलिखित में से किस नदी का उल्लेख है ?

(A) कृष्णा
(B) कावेरी
(C) वैगई
(D) ताप्ती

Q.18

घोड़े की हड्डियों के अवशेष किस सैन्धव स्थल से मिले हैं ?

(A) लोथल
(B) सुरकोटड़ा ✓
(C) कालीबंगा
(D) धौलावीरा

Q.19

1917 में 'अखिल रूसी बोल्शेविक सम्मेलन' में रखे गये लेनिन के विचार किस नाम से जाने जाते हैं ?

(A) अप्रैल थीसिस ✓
(B) सोवियत योजना
(C) चेका
(D) कमानेव

Q.20

निम्नलिखित में से कौन सा जैन धर्म के त्रिरत्नों में से नहीं है ?

(A) सम्यक् चरित्र
(B) सम्यक् दर्शन
(C) सम्यक् संकल्प ✓
(D) सम्यक् ज्ञान

Q.21

निम्नलिखित में से कौन सा कथन निर्मितिवादी अधिगम में अध्यापक की भूमिका के संदर्भ में सही नहीं है ?

(A) अध्यापक विद्यार्थियों को स्वतंत्र चिन्तक हेतु पोषित करने में सहायता करता है।
(B) अध्यापक प्रामाणिक अधिगम परिस्थितियाँ प्रदान करता है।
(C) अध्यापक आधिकारिक ज्ञान स्थानान्तरण करता है। ✓
(D) अध्यापक जटिल अधिगम वातावरण प्रदान करता है।

Q.22

समायोजन के निम्नलिखित मॉडलों में से किसके अनुसार सामान्य रूप से समाज और विशिष्ट रूप से संस्कृति, व्यक्ति के व्यवहार के तरीकों और व्यवहार के अनुकूलन अथवा गैर-अनुकूलन को प्रभावित कर संरचित करती है जो उसके व्यक्तित्व को समायोजित अथवा कुसमायोजित बनाता है ?

(A) नैतिक
(B) मनोविश्लेषिक
(C) समाज मनोवैज्ञानिक
(D) समाजजन्य (सोशियोजेनिक) ✓

Q.23

कोहलबर्ग के अनुसार, निम्नलिखित में से नैतिक विकास की कौन सी अवस्था में, एक व्यक्ति सही अथवा गलत की सही समझ को विकसित कर लेता है और सही नैतिक चेतना का विकास कर लेता है ?

(A) कानून एवं व्यवस्था अभिनवन
(B) सामाजिक अनुबन्ध (समझौता) अभिनवन
(C) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिनवन ✓
(D) अच्छा लड़का - अच्छी लड़की अभिनवन

Q.24

सूची-I (सहकारी अधिगम विधियाँ) को सूची-II (विकासकर्ता) से सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

सूची-I	सूची-II
A. जिग्सॉ	i. जॉनसन एवं रोज़र
B. समूह अन्वेषण	ii. एरॉनसन
C. मिलकर सीखना	iii. स्लेविन
D. विद्यार्थी दल-उपलब्धि विभाग	iv. शरन एवं शरन

कूट :

(A) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(B) A-ii, B-iv, C-i, D-iii ✓

(C) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(D) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

Q.25

निम्न में से किसको गणतंत्र की संज्ञा नहीं दी जा सकती ?

(A) वज्जि

(B) मल्ल

(C) शाक्य

(D) अवन्ति ✓

Q.26

किस सिलसिले के संत गरीबी में जीने में विश्वास नहीं करते थे ?

(A) चिश्ती

(B) सुहरावर्दी ✓

(C) नक्शबंदी

(D) कादिरी

Q.27

उस गुर्जर-प्रतिहार शासक का नाम बताएँ जो अपनी राजधानी भीनमाल से कन्नौज ले गया।

(A) नागभट्ट प्रथम

(B) वत्सराज

(C) नागभट्ट द्वितीय ✓

(D) मिहिरभोज

Q.28

मौर्योत्तर काल में किस प्रकार के विवाह को अवैध माना जाता था ?

(A) ब्राह्म

(B) प्राजापत्य

(C) आर्ष

(D) गान्धर्व ✓

Q.29

भारत में "संघीय न्यायालय" का सृजन किस एक्ट के तहत किया गया था ?

(A) 1892 का अधिनियम
(B) 1909 का अधिनियम
(C) 1919 का अधिनियम
(D) 1935 का अधिनियम ✓

Q.30

किस मुगल बादशाह ने आगरा सूबे में शाही प्रदेशों पर सूरजमल की सत्ता को वैध माना और 'कुँवर बहादुर ब्रजेंद्र' की उपाधि दी ?

(A) मुहम्मद शाह
(B) अहमद शाह ✓
(C) आलमगीर द्वितीय
(D) शाह आलम द्वितीय

Q.31

उस चीनी दार्शनिक का नाम बताइए जिसने व्यक्तिगत आचरण और राजनीतिक क्रिया के आधार के रूप में सार्वभौमिक प्रेम का प्रचार किया।

(A) कन्फ्यूशियस
(B) मोत्जु ✓
(C) ताओ
(D) चिन

Q.32

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने रूस के समक्ष कब आत्म-समर्पण किया ?

(A) 16 अप्रैल, 1945
(B) 25 अप्रैल, 1945
(C) 2 मई, 1945 ✓
(D) 7 मई, 1945

Q.33

5वीं सदी में यवद्वीप (वर्तमान जावा) में बौद्ध धर्म के प्रसार का श्रेय किसको जाता है ?

(A) गुणवर्मा ✓
(B) पूर्णवर्मा
(C) जयनाग
(D) पर्णकरण

Q.34

निम्नलिखित राज्यों में से कौन से राज्य में नवपाषाण स्थल बुर्जहोम स्थित है ?

(A) पश्चिम बंगाल
(B) असम
(C) उत्तर प्रदेश
(D) कश्मीर ✓

Q.35

निम्नलिखित में से कौन सी व्यूहरचना अध्यापक के प्रभावी शाब्दिक सम्प्रेषण में बाधक है ?

(A) उपयुक्त शब्दावली चयन
(B) सुस्पष्ट सम्प्रेषण
(C) केवल उपदेश देना ✓
(D) उपयुक्त गति (लय) से बोलना

Q.36

अनुदेशनात्मक तंत्र के प्रणाली उपागम के चरणों का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. विद्यार्थियों के प्रवेशित व्यवहार का पूर्व-आकलन
B. उद्देश्यों का निर्माण
C. संक्रिया चरण
D. प्रणाली को डिजाइन करना और विकास

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) A, B, D, C
(B) B, A, D, C ✓
(C) D, A, B, C
(D) B, D, A, C

Q.37

शिक्षा मनोविज्ञान का निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र अधिगम परिस्थिति पक्ष से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) विद्यार्थी की मनो-सामाजिक समस्याएँ ✓
(B) विद्यालय का सांवेगिक वातावरण
(C) कक्षा का मनोबल (मनोदशा)
(D) अध्यापक की अभिवृत्ति और व्यवहार

Q.38

मनोविज्ञान का निम्नलिखित में से कौन सा संप्रत्यय शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है ? सही कूट का चयन कीजिए :

a. परिपक्वता
b. अभिप्रेरणा
c. अभिवृत्ति
d. अभिक्षमता

कूट :

(A) b, c और d
(B) a, b, c और d ✓
(C) a, c और d
(D) b और d

Q.39

निम्नलिखित में से कौन सी इमारत अलाउद्दीन खिलजी द्वारा नहीं बनवाई गई ?

(A) अलाई दरवाजा
(B) मोठ की मस्जिद ✓
(C) सीरी का किला
(D) हजार सितून महल

Q.40

किस ब्रिटिश सेनापति ने हैदर अली को पोर्टोनोवो के युद्ध में पराजित किया था ?

(A) सर आयरकूट ✓
(B) कर्नल ब्रेथवेट
(C) कर्नल विल्सन
(D) गामक

Q.41

निम्नांकित में से कौन सा स्थान ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने चार्ल्स द्वितीय से किराए पर प्राप्त किया था?

(A) मद्रास
(B) कलकत्ता
(C) बालासोर
(D) बम्बई ✓

Q.42

व्यपगत सिद्धांत के तहत विलय की गई निम्नलिखित देशी रियासतों में से किसका विलय वर्ष त्रुटिपूर्ण है?

(A) जैतपुर - 1848 ✓
(B) सम्भलपुर - 1849
(C) बघात - 1850
(D) झांसी - 1853

Q.43

भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में स्वतंत्रता के अधिकार का प्रावधान है ?

(A) अनुच्छेद 19 से 22 ✓
(B) अनुच्छेद 13 से 18
(C) अनुच्छेद 23 से 24
(D) अनुच्छेद 16 से 18

Q.44

उस वास्तुकार का नाम बताइए जिसने राजा जोसर के आदेश पर पहला पिरामिड बनाया था ।

(A) इम्होटेप ✓
(B) मेनेस
(C) रामेसेस
(D) खूफू

Q.45

सीताध्यक्ष, शुल्काध्यक्ष, सूत्राध्यक्ष किस मंत्री से संबद्ध थे ?

(A) सन्निधाता
(B) समाहर्ता ✓
(C) प्रशास्ता
(D) कर्मान्तिक

Q.46

निम्नलिखित में से कौन से लेखक मुगल काल से संबंधित हैं ?

i. अब्दुल हमीद लाहोरी
ii. अबुल फजल
iii. जगन्नाथ पंडित
iv. फैजी

सही कूट का चुनाव कीजिए :

(A) केवल i, ii
(B) केवल iii, iv
(C) केवल i, iv
(D) i, ii, iii, iv ✓

Q.47

भारत में शिक्षा के प्रसार के लिए लंदन विश्वविद्यालय की तर्ज पर भारत में विश्वविद्यालय का नेटवर्क बनाने का सर्वप्रथम प्रस्ताव किसके द्वारा लाया गया ?

(A) वुड डिस्पैच, 1854 द्वारा ✓
(B) हंटर कमीशन, 1882 द्वारा
(C) विश्वविद्यालय अधिनियम, 1904 द्वारा
(D) कलकत्ता विश्वविद्यालय कमीशन, 1919 द्वारा

Q.48

गवर्नर जनरल, जिसने देशी भाषा समाचार-पत्र अधिनियम को रद्द किया था

(A) जॉन लॉरेंस
(B) लिटन प्रथम
(C) रिपन ✓
(D) डफरिन

Q.49

'ऑग्सबर्ग की संधि' किनके मध्य हुई थी ?

(A) प्रिंस फर्डिनेण्ड एवं प्रोटेस्टेंट धर्म के अनुयायी
(B) चार्ल्स पंचम एवं कैथोलिक धर्म के अनुयायी
(C) पोप एवं मार्टिन लूथर किंग
(D) कैथोलिक एवं प्रोटेस्टेंट धर्म के अनुयायियों के मध्य ✓

Q.50

किस युद्ध में परास्त होकर रूस को नेपोलियन के साथ टिलसिट की संधि करनी पड़ी ?

(A) फ्रैंडलैंड का युद्ध ✓
(B) जेना का युद्ध
(C) ऑवरस्टेट का युद्ध
(D) ट्राफल्गर का युद्ध

Q.51

बाल्कन प्रायद्वीप के किन चार राज्यों ने बाल्कन संघ की स्थापना की ?

(A) यूनान, सर्बिया, बुल्गारिया और मोण्टीनिग्रो ✓

(B) यूनान, सर्बिया, बुल्गारिया और मेसीडोनिया

(C) यूनान, रोमानिया, मेसीडोनिया और अल्बानिया

(D) यूनान, रोमानिया, बोस्निया और अल्बानिया

Q.52

निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता सेनानी ने अल-हिलाल समाचार-पत्र शुरू किया ?

(A) मौलाना आज़ाद ✓

(B) हसन इमाम

(C) मौलाना मुहम्मद अली

(D) खान अब्दुल गफ्फार खान

Q.53

फैजाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?

(A) बख्त खान

(B) बिरजिस कद्र

(C) अजीमुल्लाह

(D) मौलवी अहमदुल्लाह ✓

Q.54

ऋग्वैदिक देवता 'वरुण' जाने जाते थे-

(A) वायु के देवता

(B) युद्ध के देवता

(C) जल के देवता ✓

(D) तूफान के देवता

Q.55

राजतरंगिणी में निम्नलिखित में से मुख्यतः किस भौगोलिक क्षेत्र का वर्णन मिलता है ?

(A) कश्मीर ✓

(B) नेपाल

(C) श्रीलंका

(D) बंग प्रदेश

Q.56

दशराज्ञ युद्ध कौन सी नदी के तट पर लड़ा गया था ?

(A) शतद्रु

(B) अस्किनी

(C) वितस्ता

(D) परुष्णी ✓

Q.57

मराठा प्रशासन से संबंधित निम्नलिखित पदों को सुमेलित कीजिए :

A. सरे-नौबत	i. सेनापति
B. घट	ii. भूमि पैमाइश की लकड़ी
C. काठी	iii. धर्माधिकारी
D. सदर मोहतसिब	iv. घुड़सवार सेना में पच्चीस सरदारों का समूह

सही उत्तर विकल्प चुनें :

(A) A-i, B-iv, C-ii, D-iii ✓

(B) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

(C) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(D) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

Q.58

गौतम बुद्ध की मृत्यु कहां हुई थी ?

(A) बोधगया

(B) लुंबिनी

(C) कुशीनगर ✓

(D) श्रावस्ती

Q.59

विद्यार्थियों के अधिगम के मूल्यांकन में निर्मितिवादी परिप्रेक्ष्य के अनुसार निम्नलिखित में कौन सी प्रविधि उपयुक्त नहीं है?

(A) पोर्टफोलियो

(B) मानकीकृत परीक्षण ✓

(C) टीम (दल) प्रायोजनाएँ

(D) वी - आरेख

Q.60

लड़कियों के एक समूह का बातचीत का तरीका और व्यवहार अचानक बदल जाता है जब कोई लड़का उनकी तरफ (नजदीक) आता हैं। यह स्थिति निम्नलिखित में से कौन सी मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को दर्शाती है ?

(A) जैविक समायोजन

(B) स्व-समायोजन

(C) मानस असंगति

(D) सामाजिक वातावरण से समायोजन ✓

Q.61

पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, जब शिक्षार्थी को नई परिस्थिति अपनाने के लिए अपनी पुरानी सोच और व्यवहार के तरीके बदलने पड़ते हैं, तो इस प्रक्रिया को कहा जाता है

(A) समायोजकरण ✓

(B) आत्मसातीकरण

(C) संगठन

(D) संतुलनकरण

Q.62

निम्नलिखित में से कौन सा एक अधिगमकर्ता केन्द्रित अनुदेशन व्यूहरचना का लाभ नहीं है ?

(A) विद्यार्थी की सक्रिय रूप से समझ निर्मित करना
(B) गहन चिन्तन और सर्जनात्मकता
(C) अवधारणा समझे बिना याद करना ✓
(D) आन्तरिक रूप से अभिप्रेरित

Q.63

निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने खलीफा से अधिष्ठापन प्राप्त नहीं किया था ?

(A) मुबारक शाह खिलजी ✓
(B) फिरोज तुगलक
(C) मुहम्मद तुगलक
(D) सिकंदर लोदी

Q.64

किस सूफी संत के शिष्य उन्हें सुल्तान-उल-माशेख के नाम से संबोधित करते थे ?

(A) शेख हमीदुद्दीन
(B) मुइनुद्दीन चिश्ती
(C) शेख फरीदुद्दीन शकरगंज
(D) निजामुद्दीन औलिया ✓

Q.65

उस चंदेल राजा का नाम बताएँ जिसने कन्नौज के प्रतिहार शासक देवपाल को हराया।

(A) राजा भोज
(B) यशोवर्मन ✓
(C) कीर्तिवर्मन
(D) परमार्दी देव

Q.66

गांधार कला शैली का विकास किस राजवंश के काल में हुआ था?

(A) वाकाटक
(B) शुंग
(C) कुषाण ✓
(D) गुप्त

Q.67

नासिक के कलक्टर "जैक्सन" की हत्या किसने की थी ?

(A) गणेश सावरकर
(B) मदनलाल ढींगरा
(C) सुखदेव
(D) अनन्त कान्हेरे ✓

Q.68

रणजीत सिंह की विजय के गलत युग्म को चुनिए :

(A) अटक - 1813
(B) मुल्तान - 1818
(C) कश्मीर - 1820 ✓
(D) पेशावर - 1823

Q.69

निम्नलिखित में से कौन सा भू-क्षेत्र प्यूनिक युद्धों का मूल कारण था ?

(A) सिसिली ✓
(B) सार्डिनिया
(C) कोर्सिका
(D) मेसेडोनिया

Q.70

एडम स्मिथ की पुस्तक 'द वेल्थ ऑफ नेशन्स' कब प्रकाशित हुई थी ?

(A) 1772
(B) 1773
(C) 1775
(D) 1776 ✓

Q.71

किस शासक के काल में कांधार, मुगलों के हाथों से निकल गया ?

(A) अकबर द्वितीय
(B) जहाँगीर ✓
(C) शाहजहाँ
(D) औरंगजेब

Q.72

वैदिक काल में कौनसा वरिष्ठों का निकाय था?

(A) सभा ✓
(B) समिति
(C) विदथ
(D) गण

Q.73

निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्षेपित शिक्षण-अधिगम सहायक सामग्री हैं ?

सही कूट का चयन कीजिए :

A. एपिडायस्कोप
B. स्लाइड प्रोजेक्टर
C. ओवरहैड प्रोजेक्टर
D. फिल्म स्ट्रिप

(A) B एवं C
(B) A, B एवं C
(C) B, C एवं D
(D) A, B, C एवं D ✓

Q.74

एक कम्प्यूटर (संगणक) प्रोग्राम जिसमें प्रशिक्षु को युद्ध के मैदान में दुश्मनों को शूटिंग रेंज में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है जो एक वास्तविक गलती करने के लिए वास्तविक खतरे का सामना करने की तुलना में कम खर्चीला और खतरनाक होता है, वह कहलाता है -

(A) प्रायोगिक कार्य अभिविन्यास अनुदेशन
(B) समस्या समाधान प्रकार
(C) अनुकरण प्रकार (सिम्युलेशन) अनुदेशन ✓
(D) ट्यूटोरियल प्रकार अनुदेशन

Q.75

निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र शिक्षा मनोविज्ञान से सम्बन्धित अधिगमकर्ता पक्ष में सम्मिलित हैं ?

i. व्यक्तिगत विभिन्नताएँ
ii. अधिगम का मूल्यांकन
iii. विकासात्मक विशेषताएँ
iv. मनोवैज्ञानिक समस्याएँ
v. अधिगम का मनोविज्ञान
vi. मानसिक स्वास्थ्य

नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) i, ii, iii और iv
(B) ii, iii, iv और v
(C) i, iii, iv और vi ✓
(D) iii, iv, v और vi

Q.76

किशोर अपने स्वयं के महत्त्व के बारे में गर्वपूर्ण राय विकसित कर लेते हैं कि वे विशिष्ट और अलौकिक हैं और दूसरे उनका अवलोकन कर रहे हैं और उन्हीं के बारे में सोच रहे हैं । इस प्रकार के संज्ञानात्मक विरूपण को कहते है -

(A) काल्पनिक श्रोता
(B) साध्यात्मक विचार
(C) आदर्शवाद एवं समालोचना
(D) व्यक्तिगत कल्पना (कपोल कल्पना) ✓

Q.77

निम्नलिखित में से कौन सा भक्ति संत कृष्ण का उपासक नहीं था?

(A) सूरदास
(B) रामानन्द ✓
(C) वल्लभाचार्य
(D) मीराबाई

Q.78

1760 में मीर कासिम ने निम्नलिखित में से कौन सा स्थान ईस्ट इंडिया कंपनी को नहीं सौंपा था?

(A) बर्द्धवान
(B) मिदनापुर
(C) मुंगेर ✓
(D) चिटगांव

Q.79

निम्नलिखित में से किस स्थान पर हैदरअली ने अंग्रेजों को परास्त किया ?

(A) अरनी, सितम्बर 1780 ✓
(B) मैसूर, जून 1781
(C) शोलिंगर, सितम्बर 1781
(D) कालीकट, सितम्बर 1783

Q.80

संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष कौन थे?

(A) सुरेन्द्र नाथ सेन
(B) आचार्य कृपलानी
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ✓
(D) भीमराव अम्बेडकर

Q.81

संविधान का कौन सा अनुच्छेद बलात् श्रम पर प्रतिबन्ध लगाता है ?

(A) अनुच्छेद 23 ✓
(B) अनुच्छेद 19
(C) अनुच्छेद 14
(D) अनुच्छेद 12

Q.82

निम्नलिखित यूनानी विचारकों को कालानुक्रमिक व्यवस्थित करें :

I. सुकरात
II. प्लेटो
III. एरिस्टोटल
IV. आर्किमिडीज़

(A) I, II, III, IV ✓
(B) IV, III, II, I
(C) I, III, IV, II
(D) II, IV, I, III

Q.83

अयोध्या अभिलेख में पुष्यमित्र शुंग के लिए किस विरुद का प्रयोग किया गया ?

(A) अपराजितविजयपातकः
(B) द्विरश्वमेधयाजी ✓
(C) त्रिसमुद्रतोयपीतवाहनस्य
(D) शक-यवन-पह्लव-निसूदनस

Q.84

मुगल काल में 'मुहती' तथा 'दर्शनी' थे

(A) मुद्रा के प्रकार
(B) हुण्डी के प्रकार ✓
(C) भूमि के प्रकार
(D) वस्त्रों के प्रकार

Q.85

द्वैध शासन व्यवस्था में शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक निर्माण विभाग किस श्रेणी के अन्तर्गत आते थे ?

(A) केंद्रीय विषय
(B) आरक्षित विषय
(C) प्रांतीय विषय
(D) हस्तांतरित विषय ✓

Q.86

धार्मिक सत्य के प्रसार के लिए राजा राममोहन राय द्वारा स्थापित प्रथम संस्था थी -

(A) ब्रह्म समाज
(B) धर्म सभा
(C) आत्मीय सभा ✓
(D) आदि समाज

Q.87

वाणिज्यवाद का सिद्धांत एक राष्ट्र की सम्पदा को परिभाषित करता है

(A) सोना व चाँदी के स्वामित्व के रूप में ✓
(B) उपनिवेशों के स्वामित्व के रूप में
(C) वैज्ञानिक उपलब्धि के रूप में
(D) कच्चे माल के स्वामित्व के रूप में

Q.88

निम्न में कौन सा सही सुमेलित है ?

वाणिज्यवादी	देश
A. मोन्टेकरटिन	फ्रांस
B. एन्टोनियो सिटा	स्पेन
C. चार्ल्स डेवनांट	इंग्लैण्ड

(A) केवल A
(B) A और B
(C) A और C
(D) A, B और C ✓

Q.89

प्रथम विश्व युद्ध में केन्द्रीय शक्तियाँ थीं

(A) जर्मनी, आस्ट्रिया, हंगरी, टर्की, इटली
(B) जर्मनी, आस्ट्रिया, हंगरी, रोमानिया
(C) जर्मनी, आस्ट्रिया, हंगरी, बुल्गारिया, टर्की ✓
(D) जर्मनी, आस्ट्रिया, हंगरी, टर्की, सर्बिया

Q.90

फरवरी, 1944 में आजाद हिन्द सेना ने किस भारतीय भू-भाग को अंग्रेजों से मुक्त कराकर झंडा फहराया?

(A) कोहिमा ✓
(B) इम्फाल
(C) दिसपुर
(D) शिलांग

Q.91

निम्न राजनीतिक शक्तियों में से किसने सर्वप्रथम अंग्रेजों के साथ सहायक संधि की थी?

(A) मराठा
(B) हैदराबाद का निजाम ✓
(C) उदयपुर का महाराणा
(D) मैसूर का राजा

Q.92

निम्नलिखित में से किसने भीमबेटका के शैल चित्रों का अध्ययन नहीं किया है ?

(A) वी.एस. वाकणकर
(B) यशोधर मठपाल
(C) इर्विन न्यूमायर
(D) आर.सी. मजूमदार ✓

Q.93

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम् ।
वर्षेतद् भारतनाम भारती यत्र सन्तति ।।
निम्नलिखित पुराणों में से किसमें उपरोक्त श्लोक का उल्लेख है ?

(A) अग्नि पुराण
(B) मत्स्य पुराण
(C) वायु पुराण
(D) विष्णु पुराण ✓

Q.94

निम्न में से कौनसा वेदांग नहीं है?

(A) शिक्षा
(B) स्मृति/ गणित ✓
(C) कल्प
(D) छन्द

Q.95

सुरक्षा परिषद् में मतदान की पद्धति के संबंध में महत्त्वपूर्ण निर्णय किस सम्मेलन में लिया गया ?

(A) मास्को सम्मेलन
(B) काहिरा सम्मेलन
(C) याल्टा सम्मेलन ✓
(D) तेहरान सम्मेलन

Q.96

निम्न में से किस शासक ने जनजातीय लोगों के साथ गौतम बुद्ध की भस्म के एक भाग को प्राप्त किया?

(A) बिम्बिसार
(B) अजातशत्रु ✓
(C) उदायिन
(D) अनिरुद्ध

Q.97

किशोरों में सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करना अधिगम के किस अनुक्षेत्र से संबंधित है ?

(A) संज्ञानात्मक
(B) भावात्मक ✓
(C) क्रियात्मक
(D) मनोगत्यात्मक

Q.98

एक विद्यार्थी जो पढ़ाई में खराब प्रदर्शन कर रहा है वह अपने अध्यापकों और सहपाठियों के प्रति बहुत आलोचनात्मक है । अहम् रक्षा का यह मानसिक प्रक्रम (तंत्र) कहलाता है

(A) प्रक्षेपण ✓
(B) आक्रामकता
(C) क्षतिपूर्ति
(D) यौक्तिकीकरण

Q.99

बण्डूरा के अनुसार, संकेतात्मक कूट (कोडिंग) संज्ञानात्मक संगठन और संज्ञानात्मक रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) अवलोकनात्मक अधिगम प्रक्रिया के निम्नलिखित में से किसको प्रभावित करते हैं?

(A) अवधानात्मक
(B) अवधारण (ठहराव) ✓
(C) उत्पादन
(D) अभिप्रेरणात्मक

Q.100

कार्य का विश्लेषण, शिक्षण व्यूहरचनाओं की उपयुक्त योजना बनाना, उपयुक्त सामग्री का चयन, उपयुक्त विषयवस्तु का चयन एवं संगठन जैसे पक्ष प्रणाली उपागम के निम्नलिखित में से कौन से चरण से सम्बन्धित हैं ?

(A) प्रणाली की डिजाइनिंग (योजना बनाना) एवं विकास ✓
(B) कार्यान्वयन
(C) परिणामों का मूल्यांकन
(D) प्रणाली का सुधार

Q.101

विजयनगर शासकों ने न्याय के लिए चार प्रकार के न्यायालय गठित किये । निम्नलिखित में सर्वोच्च न्यायालय कौन सा था ?

(A) प्रतिष्ठित
(B) चाला
(C) मुद्रिता
(D) शास्त्रिता ✓

Q.102

यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों का भारत आगमन का क्रम था

(A) डच, पुर्तगाली, अंग्रेज, फ्रेंच
(B) फ्रेंच, डच, पुर्तगाली, अंग्रेज
(C) पुर्तगाली, डच, अंग्रेज, फ्रेंच ✓
(D) अंग्रेज, फ्रेंच, पुर्तगाली, डच

Q.103

हर्षकालीन प्रान्तीय प्रशासन में तहसीलों को क्या कहा जाता था?

(A) विषय
(B) करणिक
(C) पाठक ✓
(D) गोप

Q.104

ग्रहण के संबंध में वैज्ञानिक विवेचना करने वाले प्रथम खगोल वैज्ञानिक कौन था ?

(A) आर्यभट्ट ✓
(B) वराहमिहिर
(C) ब्रह्मगुप्त
(D) चरक

Q.105

1911 में किसने 'अनिवार्य शिक्षा बिल' को इम्पीरियल विधान परिषद में प्रस्तावित किया था ?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले ✓
(B) सर हारकोर्ट बटलर
(C) सच्चिदानंद सिन्हा
(D) एम.जी. रानाडे

Q.106

रजाकार निम्नलिखित में से किस राज्य के भारत में विलय में मुख्य बाधा माने जाते थे ?

(A) ट्रावनकोर
(B) मैसूर
(C) हैदराबाद ✓
(D) जूनागढ़

Q.107

राज्य का इस्लामी सिद्धांत त्रिस्तरीय विचार पर आधारित था। इस संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सा सत्य नहीं है ?

(A) एक शास्त्र
(B) एक राष्ट्र
(C) एक सम्प्रभु
(D) दार-उल-हर्ब ✓

Q.108

चोलों की निम्नलिखित प्रशासनिक इकाइयों का सही आरोही क्रम क्या है ?

(A) नाडु, मंडलम, कुर्रम
(B) मंडलम, नाडु, कुर्रम
(C) कुर्रम, नाडु, मंडलम ✓
(D) कुर्रम, मंडलम, नाडु

Q.109

निम्न मुगल अधिकारियों को उनके विभागों के साथ सुमेलित कीजिए :
(i) फोतेदार - परगने का खजांची
(ii) बख्शी - सूबे का न्यायिक अधिकारी
(iii) कारकून - परगने का रिकॉर्ड रखने वाला
(iv) बितिक्चि - सरकार में सुरक्षा अधिकारी
सही युग्म को चुनिए ।

(A) (i), (iii) और (iv)
(B) (ii) और (iv)
(C) (i) और (iii) ✓
(D) (i), (ii) और (iv)

Q.110

निम्नलिखित में से कौनसा हड़प्पा सभ्यता स्थल बलूचिस्तान में स्थित है?

(A) सोत्काकोह ✓
(B) रहमान ढेरी
(C) मुंडीगाक
(D) गुमला

Q.111

वैज्ञानिक पृच्छा (इन्क्वायरी) मॉडल में रचनाक्रम (सिनटेक्स) से निम्नलिखित में से कौन सा चरण सम्बन्धित है ?

(A) विद्यार्थी उदाहरण देते हैं
(B) विद्यार्थी कठिनाई सुलझाने के तरीकों पर विचार करते हैं। ✓
(C) अध्यापक परिकल्पना निश्चित करते हैं।
(D) सक्रिय अधिगम ग्रहण को प्रोत्साहित करते हैं।

Q.112

निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण-अधिगम हेतु एक उन्नत सॉफ्टवेयर नहीं है ?

(A) ट्रांसपेरेंसी ✓
(B) अंत:क्रियात्मक पुस्तकें
(C) एनीमेशन
(D) ट्यूटोरियल फाइन्डर

Q.113

मनोविज्ञान शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया हेतु मानवीय पक्ष को महत्त्वपूर्ण मानकर किस तरह के संबंधों की स्थापना को प्राथमिकता देता है ?

(A) शिक्षक - शिक्षक
(B) शिक्षक - प्राचार्य
(C) शिक्षक - विद्यार्थी ✓
(D) शिक्षक - अभिभावक

Q.114

वायगोत्स्की के अनुसार, अध्यापक द्वारा शिक्षण सत्र के दौरान बालक के वर्तमान निष्पत्ति स्तर के अनुसार दी गई सहायता का समायोजन करना कहलाता है -

(A) समीपस्थ विकास का क्षेत्र
(B) अंतर्विषयकता
(C) स्कैफोल्डिंग ✓
(D) पारस्परिक शिक्षण

Q.115

निम्न में से कौन निर्गुण परमात्मा में विश्वास नहीं करता था?

(A) कबीर
(B) नानक
(C) दादू
(D) मीराबाई ✓

Q.116

कौन सा ब्रिटिश गवर्नर जनरल सहायक संधि प्रथा से संबंधित था?

(A) लॉर्ड लैन्सडाउन
(B) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(C) लॉर्ड वेलेजली ✓
(D) लॉर्ड कर्जन

Q.117

मीर कासिम ने अपनी राजधानी मुर्शिदाबाद से कहाँ स्थानान्तरित की थी ?

(A) हावड़ा
(B) कलकत्ता
(C) मुंगेर ✓
(D) पूर्णिया

Q.118

ब्रिटिश भारत में केन्द्रीय और प्रान्तीय वित्त को पृथक करने की दिशा में प्रथम कदम किसने उठाया?

(A) लॉर्ड मिण्टो
(B) लॉर्ड मेयो ✓
(C) लॉर्ड कार्नवालिस
(D) लॉर्ड लिटन

Q.119

मिस्र में सूर्य देवता की पूजा किस नाम से की जाती थी ?

(A) ओसिरिस
(B) रे ✓
(C) फिरौन
(D) हत्शेपसुत

Q.120

उस भिक्षु का नाम बताइए जिसे इंग्लैण्ड में ईसाई धर्म का संस्थापक माना जाता है ।

(A) सेंट ऑगस्टीन ✓
(B) ग्रेगरी
(C) सेंट बेनेडिक्ट
(D) सेंट पीटर

Q.121

वासुदेव के सम्मान में विदिशा में गरुड़ स्तंभ का निर्माण किसने करवाया था?

(A) हेलियोडोरस ✓
(B) डायोडोरस
(C) कर्टियस
(D) सेल्यूकस

Q.122

अधिनियम को चिह्नित कीजिए जिसके तहत सर्वप्रथम प्रतिनिधित्व प्रणाली को अपनाया गया ।

(A) 1892 अधिनियम ✓
(B) 1861 अधिनियम
(C) 1909 अधिनियम
(D) 1919 अधिनियम

Q.123

'सर्वेन्ट्स ऑफ पीपल्स सोसायटी' की स्थापना किसने की थी ?

(A) तिलक
(B) बिपिनचन्द्र पाल
(C) लाला लाजपत राय ✓
(D) लाला हरदयाल

Q.124

फिलाडेल्फिया के प्रथम 'अंतर उपनिवेशीय सम्मेलन' में किस उपनिवेश ने भाग नहीं लिया था ?

(A) जार्जिया ✓
(B) वर्जिनिया
(C) न्यूजर्सी
(D) न्यूयॉर्क

Q.125

इटली के एकीकरण में किस राज्य ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और एकीकृत राज्य का केन्द्र बना ?

(A) नेपल्स
(B) सिसिली
(C) सार्डिनिया-पीडमोण्ट ✓
(D) लोम्बार्डी

Q.126

निम्न में से कौन सी विशेषता फासीवाद के साथ जुड़ी हुई है ?

(A) व्यक्तिगत अधिकारों पर जोर
(B) जनतंत्र का समर्थन
(C) सैन्यवाद और अधिनायकतंत्र की वकालत ✓
(D) अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग में विश्वास

Q.127

कैबिनेट मिशन को दिए गए स्मरण-पत्र में मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान में कितने प्रांत सम्मिलित करने का उल्लेख किया था?

(A) तीन
(B) चार
(C) पांच
(D) छह ✓

Q.128

अभिकथन (A) : 19वीं सदी के सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन मानवतावादी थे ।
कारण (R) : राजा राममोहन राय के प्रयासों से लॉर्ड विलियम बैंटिक ने सती प्रथा के विरुद्ध कानून पास किया ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है। ✓
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(C) (A) सत्य है, (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, (R) सत्य है ।

Q.129

किस सिन्धु स्थल से विशाल स्टेडियम के प्रमाण प्राप्त हुए हैं ?

(A) हड़प्पा
(B) मोहनजोदड़ो
(C) धौलावीरा ✓
(D) दायमाबाद

Q.130

आकल वुड जीवाश्म पार्क निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

(A) गुजरात
(B) राजस्थान ✓
(C) छत्तीसगढ़
(D) तमिलनाडु

Q.131

निम्न में से कौनसा पुरुषार्थ नहीं है?

(A) ध्यान ✓
(B) अर्थ
(C) काम
(D) मोक्ष

Q.132

मगध की आरंभिक राजधानी कौनसी थी?

(A) पाटलिपुत्र
(B) वैशाली
(C) गिरिव्रज ✓
(D) चम्पा

Q.133

निम्नलिखित में से कौन से कारक बालक के विद्यालय में समायोजन में सहायक हैं ?

a. उपयुक्त पाठ्यचर्या
b. सख्त अनुशासनात्मक कदम
c. प्रतियोगिताओं पर बल देना
d. अध्यापक व विद्यार्थियों के मध्य अंत:क्रिया
e. बालकों पर व्यक्तिगत ध्यान

नीचे दिये गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर छाँटिये :

(A) a, b और c
(B) a, b और d
(C) a, c और e
(D) a, d और e ✓

Q.134

सेलोवी और मेयर के अनुसार, जिन लोगों में तदानुभूति होती है वे सूक्ष्म सामाजिक संकेतों के प्रति अधिक सजग होते हैं, यह संवेगात्मक बुद्धि के निम्नलिखित में से किस मुख्य क्षेत्र को दर्शाता है ?

(A) सम्बन्धों को संभालना
(B) दूसरों के संवेगों की पहचान ✓
(C) संवेग प्रबन्धन
(D) स्वयं के संवेगों को जानना

Q.135

स्कीनर के अनुसार, वह जो जीव को प्राकृतिक रूप से सुनर्वलित करता है और उत्तर जीविता से सम्बन्धित है, कहलाता है.

(A) सामान्यीकृत पुनर्बलक
(B) प्राथमिक धनात्मक पुनर्बलक ✓
(C) द्वितीयक धनात्मक पुनर्बलक
(D) प्राथमिक ऋणात्मक पुनर्बलक

Q.136

अलाउद्दीन खिलजी की बाजार नियंत्रण प्रणाली से कौनसा अधिकारी संबंधित नहीं था?

(A) शहना-ए-मण्डी
(B) दीवार-ए-रियासत
(C) बरीद-ए-मण्डी
(D) मुशरफ-ए-ममालिक ✓

Q.137

उन घटनाओं को चिह्नित कीजिए जो वारेन हेस्टिंग्स के काल में घटित हुई :
(i) राजा चैत सिंह की गिरफ्तारी
(ii) अवध की बेगमों की लूट
(iii) नंदकुमार का मुकदमा
(iv) रेगुलेटिंग एक्ट का अंगीकरण
सही कूट का चुनाव कीजिए :

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (i) और (iii)
(C) (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓

Q.138

संगम काल में 'अरसर' किसे कहते थे?

(A) शासक वर्ग ✓
(B) कृषक वर्ग
(C) व्यापारी वर्ग
(D) शिल्पी वर्ग

Q.139

तमिल व्याकरण का निम्न में से सबसे प्राचीनतम ग्रंथ कौन सा है ?

(A) पोरुनरात्रुप्पदै
(B) शिलप्पादिकारम्
(C) पुनाननूरु
(D) तोलकाप्पियम् ✓

Q.140

जलियाँवाला बाग हत्याकांड के विरोध में वायसराय की एक्जीक्यूटिव काउन्सिल से इस्तीफा देने वाले व्यक्ति थे-

(A) रबीन्द्र नाथ टैगोर
(B) मजहर उल हक
(C) सर शंकरन नायर ✓
(D) मदन मोहन मालवीय

Q.141

तमिलनाडु में सी. राजगोपालाचारी ने किस स्थान पर नमक कानून तोड़ा था?

(A) तंजौर ✓
(B) मद्रास
(C) रामेश्वरम्
(D) मदुरै

Q.142

हर्यक वंशी शासक उदायिन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **A.** वह अजातशत्रु के काल में चम्पा का गवर्नर था। **B.** उसने कुसुमपुर (पाटलिपुत्र) का निर्माण करवाया था। **C.** वह जैन मतानुयायी था। उपर्युक्त में से कौन सा/कौन से कथन सत्य है/हैं ? सही कूट का चयन कीजिए ।

(A) केवल A
(B) केवल A और B
(C) केवल B
(D) A, B और C ✓

Q.143

निम्न चालुक्य प्रशासनिक अधिकारियों का उनके विभाग के साथ मिलान करें एवं गलत युग्म को चुनिए :
- **मेनवेग्गर्डे** - राजमहल या कुटुम्ब का प्रबंधक अधिकारी
- **संधि विग्रहिक** - युद्ध व शांति का मंत्री
- **भण्डारी** - मुख्य सचिव
- **तंत्राध्यक्ष** - प्रशासनिक अध्यक्ष

(A) मेनवेग्गर्डे - राजमहल या कुटुम्ब का प्रबंधक अधिकारी
(B) संधि विग्रहिक - युद्ध व शांति का मंत्री
(C) भण्डारी - मुख्य सचिव ✓
(D) तंत्राध्यक्ष - प्रशासनिक अध्यक्ष

Q.144

मुगल काल में महिला दासियों की कितनी श्रेणियाँ थीं ?

(A) एक
(B) दो ✓
(C) तीन
(D) चार

Q.145

किन पुराणों में 16वीं शताब्दी तक के राजवंशों के राजनीतिक इतिहास की चर्चा की गई है?

(A) भागवत और स्कन्द पुराण ✓
(B) विष्णु और नारद पुराण
(C) मत्स्य और कुर्मू पुराण
(D) शिव और अग्नि पुराण

Q.146

एक बड़े हॉल में शिक्षण करते समय एक अध्यापक सभी विद्यार्थियों को अपनी आवाज सुनाने के लिए माइक्रोफोन का उपयोग करता है। इस उदाहरण में माइक्रोफोन सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) अधिगम सामग्री
(B) प्रणाली वातावरण
(C) मृदु उपागम
(D) कठोर उपागम ✓

Q.147

निम्नलिखित में से शिक्षा मनोविज्ञान का कौन सा क्षेत्र शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक
(B) विद्यालय का संवेगात्मक वातावरण ✓
(C) अधिगम समस्या का निदान
(D) अधिगम का मूल्यांकन

Q.148

एक बालक किसी भी दाढ़ी वाले आदमी को देखकर भय संवेग को दर्शाता है। यह उदाहरण निम्नलिखित में से संवेग की कौन सी प्रकृति प्रदर्शित करता है?

(A) संवेग बाह्य उद्दीपक द्वारा जाग्रत होते हैं। ✓
(B) संवेगों को प्रदर्शित करने के आधारभूत तरीके जन्मजात होते हैं।
(C) संवेगों का अर्थ सार्वभौमिक होता है।
(D) संवेग एक प्रकार की ऊर्जा का चलायमान (मोबिलाईजेशन) है।

Q.149


उन चार देशों को चिह्नित कीजिए जिनके प्रतिनिधियों ने म्यूनिख समझौते पर हस्ताक्षर किये थे ।

(A) जर्मनी, इटली, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस ✓
(B) जर्मनी, इटली, फ्रांस, रूस
(C) जर्मनी, इटली, चेकोस्लोवाकिया, फ्रांस
(D) जर्मनी, इटली, पोलैण्ड, आस्ट्रिया

Q.150

शोर मंदिर, ईश्वर मंदिर एवं मुकुन्द मंदिर किस शैली के मंदिर हैं ?

(A) महेन्द्र शैली
(B) मामल्ल शैली
(C) राजसिंह शैली ✓
(D) नन्दिवर्मन् शैली



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in